>

Title: Need to construct Nagpur-Raipur-Rourkela-Paradeep Industrial Corridor on the lines of Delhi-Mumbai Industrial Corridor for the socio-economic development of the region.

कुमारी सरोज पाण्डेय (दुर्ग): केन्द्र सरकार एक महत्वाकांक्षी योजना दिल्ली-मुम्बई इंडस्ट्रियल कॉरीडोर (डी.एम.आई.सी.) के नाम से स्वीकृत कर क्रियान्वित कर रही है। इस योजना के पूर्णतः कार्यान्वित होने के बाद जिन क्षेत्रों में इसका क्रियान्वयन होगा वह क्षेत्र आर्थिक और औद्योगिक रूप से अत्यंत समृद्ध एवं सक्षम हो जायेंगे जिसका सीधा फायदा उस क्षेत्र की जनता को होगा और उन राज्यों को होगा जहां से वह कॉरीडोर गुजरेगा। इसी तरह की एक योजना नागपुर-रायपुर-राउरकेला-पारादीप के लिए बनायी जानी चाहिए जिसे एन.आर.पी. कॉरीडोर के नाम से जाना जाए। उक्त सभी क्षेत्र उन राज्यों में आते हैं और इनकी भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि देश के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में उनका शुमार किया जा सकता है। इस योजना के इन क्षेत्रों में लागू होने से दो तरफा प्रभाव इन क्षेत्रों पर पड़ेगा। क्षेत्र के विकास एवं आर्थिक सुदृढ़ीकरण के साथ नक्सली समस्या का भी एक सामाजिक और आर्थिक निदान स्वयंमेव प्राप्त हो जायेगा।

अतः यह उचित होगा कि सरकार इस विषय पर शीघ्रातिशीघ्र गंभीरता से विचार करे और इसे कार्यान्वित करने के लिए संबंधित राज्यों और क्षेत्र के सांसदों की एक बैठक बुलायें।